आरोप पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर की गई एफआईआर दर्ज करने की मांग

करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा

नवभारत, कटनी। शहर के बरगवां क्षेत्र में स्थित लगभग 10 करोड़ रुपए की सरकारी नजूल भूमि के अवैध बिक्री का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि भू-माफियाओं और प्रभावशाली व्यक्तियों ने प्रशासनिक मिलीभगत से इस बेशकीमती जमीन को निजी हाथों में सौंप दिया। इस खुलासे के बाद राजस्व विभाग और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। शिकायतकर्ता अजय माली ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत दी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि खसरा क्रमांक 140, 141 और 143/1 की कुल 0.308 हेक्टेयर भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक संपत्ति के रूप में दर्ज है, उसे धोखाधड़ी से निजी व्यक्तियों के नाम कर दिया गया। शिकायत के अनुसार, 2368 वर्गफुट के एक पुराने भवन की नगर निगम टैक्स रसीद का उपयोग कर, पूरी 21 हजार वर्गफुट जमीन का सौदा मात्र 3.56 करोड़ रुपए में किया गया। जानकारों का कहना है कि इस जमीन की वर्तमान बाजार कीमत 10 करोड़ रुपए से अधिक है। इस मामले का एक गंभीर पहलू यह है कि वर्ष 2019 में तत्कालीन नजूल तहसीलदार ने अपनी जांच रिपोर्ट में इस भूमि को पूरी तरह शासकीय बताया था। रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया था कि एक छोटे हिस्से को छोड़कर वहां कोई भी निर्माण वैध नहीं है। इसके अलावा नगर निगम की ओर से दी गई भवन अनुमति सिर्फ निजी उपयोग के लिए थी और उसमें जमीन के विक्रय पर स्पष्ट प्रतिबंध था। इन वैधानिक बाधाओं के बावजूद रजिस्ट्री होना मिलीभगत का संदेह पैदा करता है। शिकायत में पैट्रिक रॉबर्ट डन और अन्य व्यक्तियों पर इस जालसाजी का मुख्य सूत्रधार होने का आरोप है। आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों और भ्रामक तथ्यों के माध्यम शासन को करोड़ों रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है। शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय राजस्व जांच और शासकीय भूमि से तत्काल अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। नियमों के खिलाफ की गई सभी रजिट्रियों को निरस्त किया जाए।। सभी संबंधित आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की गइ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांजा सहित युवक गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को गांजा सहित पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान बाबाघाट रोशननगर कच्ची रोड सन्यासी बाबा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति सफेद रंग के थैला लिए बैठा दिखा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे घेरा बंदी कर पकड़ा। उसके पास मिले थैले की तलाशी के दौरान तीन किलो 504 ग्राम गांजा मिला। गांजा रखने के आरोप में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। गांजा रखने के आरोप में पकड़ा गया युवक प्रेमनगर निवासी छंगा उर्फ राम विलास निषाद है। युवक से जब्त किए गए गांजा की कीकत करीब 50 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गांजा कहां से लाया गया था और किसे दिया जाना था इस संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। कार्रवाई में एएसआई केवल उईके, प्रधान आरक्षक प्रहलाद सैयाम, राजकुमार शर्मा, आरक्षक जयंत कोरी की भूमिका रही।

महापौर ने सुनीं शिकायतें, निराकरण के दिए निर्देश

नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान आई 40 शिकायतें

नवभारत, कटनी। नगर निगम में आयोजित साप्ताहिक महापौर जनसुनवाई इस बार महज शिकायतों के निराकरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का सशक्त एवं प्रभावी मंच बनकर उभरी है। मंगलवार को मेयर इन काउंसिल कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और सुझावों के माध्यम से शहर के विकास में सहभागिता भी सुनिश्चित की। सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई जनसुनवाई में जलभराव, पेयजल संकट, स्वच्छता व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही त्वरित निर्णय लेते हुए समाधान कर संबंधितों को राहत प्रदान की। जनसुनवाई के दौरान महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल औपचारिकता या कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि समस्याओं के वास्तविक और स्थायी समाधान के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का मूल उद्देश्य नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना और उनकी समस्याओं का पारदर्शी निराकरण करना है।

एक नजर में

मांझी समाज का परिचय सम्मेलन 22 को

नवभारत, कटनी। मांझी समाज द्वारा 14वां विशाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक नगर निगम ऑडिटोरियम बस स्टैंड के पास में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। मांझी समाज के जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया ने बताया कि आयोजन में कटनी के साथ ही जबलपुर, सतना, रीवा, दमोह, सागर, बीना, छतरपुर, टीकमगढ़, हटा, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, चिरमिरी सहित अन्य शहरों से बड़ी संख्या में स्वाजातीय बंधु शामिल होंगे और अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का मंच से परिचय कराकर इस पुण्य आयोजन के साक्षी बनेंगे। संरक्षक योगेश सोंधिया ने बताया कि परिचय सम्मेलन की तैयारियां पिछले करीब एक महीने से की जा रही थी। दो साल बाद होने जा रहे इस आयोजन को लेकर स्वाजातीय बंधुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष रविकांत रैकवार ने कहा कि इस आयोजन में करीब दो सौ से ज्यादा युवक-युवतियों का पंजीयन और मंच से परिचय होने की संभावना है। नगर अध्यक्ष आशीष रैकवार ने बताया कि आयोजन स्थल नगर निगम ऑडिटोरियम में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

ऑनलाइन कंपनी ने किसान से की 16 लाख की ठगी

दो साल पहले हुई धोखाधड़ी में अब तक नहीं हुई कार्रवाई

नवभारत, कटनी। जिले ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत क्षेत्र निवासी एक किसान से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 16 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित किसान ने पिछले एक साल से न्याय के लिए पुलिस और प्रशासन के चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसे अब तक कोई राहत नहीं मिली है।

ढीमरखेड़ा निवासी पीड़ित किसान राजेश दाहिया ने बताया कि उन्होंने 18 सितंबर 2024 को एआरईएस नामक नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम 16,64,742 रुपए का निवेश किया था। उन्हें भारी मुनाफे का लालच दिया गया था। निवेश के अगले दिन 19 सितंबर को कंपनी की वेबसाइट अचानक बंद हो गई। धोखाधड़ी का अहसास होते ही राजेश ने तत्काल साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई नहीं होने से परेशान राजेश दाहिया ने एक बार फिर एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि वे अब तक 10 से अधिक बार स्थानीय थाने और जिला पुलिस मुख्यालय के चक्कर काट चुके हैं।

एक बार फिर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि साइबर सेल मामले की तकनीकी जांच कर रही है और उन खातों की जानकारी जुटाई जा रही है जिनमें पैसे ट्रांसफर किए गए थे। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

स्कूल से शिक्षकों के अनुपस्थित रहने से छात्रों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

बहोरीबंद क्षेत्र के अमगवां स्कूल में नहीं आते शिक्षक

नवभारत, बाकल। जिले के बहोरीबंद जनपद शिक्षा केंद्र क्षेत्र के प्राथमिक शाला अमंगवा में बच्चों के अध्यापन कार्य में लापरवाही का मामला सामने आया है। प्राथमिक शाला अमंगवा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल में शिक्षक अधिकांशत: अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण बच्चे पूरे दिन शिक्षकों का इंतजार करते हुए ही समय बिताते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे प्रतिदिन समय पर स्कूल पहुंचकर कक्षाओं में बैठ जाते हैं, लेकिन पढ़ाने वाले शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचते। बच्चे घंटों तक इंतजार करते रहते हैं और अंत में मध्यान्ह भोजन करने के बाद बिना पढ़ाई किए ही घर लौट जाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से यही स्थिति बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है। उनका कहना है कि जब भी शिक्षकों से इस बारे में पूछा जाता है तो वे कभी जनपद शिक्षा केंद्र के कार्य में व्यस्त होने तो कभी किसी प्रशासनिक कार्य में लगे होने का बहाना बना देते हैं। बताया जाता है कि स्कूल के शिक्षक अरविंद झारिया को शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का प्रभार भी सौंपा गया है, जिसके कारण वे अक्सर स्कूल में उपस्थित नहीं रहते। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने भी बताया कि शिक्षक कभी-कभार ही स्कूल आते हैं और जब आते भी हैं तो पढ़ाने के बजाय मोबाइल फोन चलाने में व्यस्त रहते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि शिक्षक के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति दिहाड़ी पर पढ़ाने के लिए स्कूल भेज दिया जाता है।

ऐसे में बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई शिक्षक स्कूल समय के दौरान अन्य जगहों पर घूमते नजर आते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाए और स्कूल में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

सड़क पर अतिक्रमण से लग रहा जाम, हर दिन हो रही परेशानी

अतिक्रमण से संकरा हो रहा ढीमरखेड़ा-सिहोरा मार्ग

नवभारत, उमरियापान। जिले के ढीमरखेड़ा से सिहोरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर इन दिनों हर रोज भीषण जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए भी निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के दोनों ओर व्यापारियों द्वारा दुकानें सड़क तक फैला लेने से मार्ग संकरा हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। सुबह और शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब वाहनों की संख्या बढ़ जाती है और लंबा जाम लग जाता है। राहगीरों का कहना है कि जाम के कारण उन्हें समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत होती है, वहीं आपातकालीन स्थिति में भी रास्ता बाधित हो सकता है। कई बार छोटे-छोटे विवाद भी जाम के चलते देखने को मिलते हैं। स्थानीय नागरिकों और व्यापारी वर्ग से प्रशासन द्वारा सड़क पर अतिक्रमण न करने की अपील की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द ही ठोस कार्रवाई कर जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

दशकों पुरानी है झूलेलाल जन्मोत्सव की परंपरा

समय के साथ हर वर्ष बढ़ रही चेट्रीचंड महोत्सव की भव्यता

नवभारत, कटनी। सिंधी समाज के आराध्य भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर और माधवनगर में अपार उत्साह, उमंग, हर्षोल्लासमय वातावरण के बीच मनाया जाता है। कटनी में भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव मनाने की परंपरा करीब सात दशक पुरानी है। वर्ष 1959 से श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव मनाने की शुरूआत की गई और तब स्टेशन रोड के व्यापारियों गिरधारीलाल खूबचंदानी, सच्चानंद लालवानी, श्रीचंद पमनानी, सहजराम, पमनदास माखीजा, किशनचंद पोपटानी, किशनचंद मूरजमल ने पहल की और पहली बार भगवान श्री झूलेलाल जी जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव के आयोजन में उस समय मात्र 51 रूपए खर्च हुए थे। प्रारंभ में तो सिर्फ बहराणा साहब की अखंड ज्योति ही निकाली जाती थी। समय बीतता गया और नौजवानों के नेतृत्व में नई-नई गतिविधियां होने लगी, जिसका पूरा श्रेय स्वर्गीय गिरधारीलाल खूबचंदानी को जाता है, जिन्होंने सामाजिक संस्थाओं को प्रेरित करते हुए चेट्रीचंड पर होने वाले आयोजनों रूपरेखा तैयार की। शहर के समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि चेट्रीचंड का पर्व भगवान श्री झूलेलाल जी के जन्मदिवस के साथ ही सिंधु संस्कृति की याद दिलाता है। सिन्धी संस्कृति, जो अति प्राचीन मानी गई है, हड़प्पा मोहन जोदड़ो, इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है। सिन्धु संस्कृति और सभ्यता का कुछ अंश आज भी चेट्रीचंड्र पर्व पर दिखाई देते हैं। 1947 में जब देश को स्वतंत्रता मिली और हिन्दुस्तान-पाकिस्तान दो अलग-अलग राष्ट्र बने, तब सिन्ध में बसे सिन्धुवासियों को अपना वतन सिंध छोड़कर भारत आना पड़ा और नए राष्ट्र भारत में आकर भारत को अपनी मातृभूमि बनाना पड़ा। सिंधी समाज के लोग आज भी अपने इष्ट देव भगवान झूलेलाल जी को नहीं भूले थे। उनकी स्तुति करते आ रहे हैं और रोजगार के साथ ही अपनी संस्कृति, सभ्यता और भाषा को भी नहीं भूले हैं। अब बात यह सामने आई कि चेट्रीचंड तो मनाते है, पर उसका क्या महत्व है। यहां के लोगों को कैसे पता चले, इसके लिए चेट्रीचण्ड्र महोत्सव पर बुद्धिजीवियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक स्टेशन रोड रेस्ट हाउस में होने लगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने लगे। सन 1978 में गुरुनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर का निर्माण हुआ और धीरे-धीरे चेट्रीचंड महोत्सव की भव्यता बढ़ाने और आयोजन को वृहद रूप देने के लिए स्वर्गीय प्रेम चेलानी, स्वर्गीय होतचंद बजाज, स्वर्गीय खियलदास प्रथ्यानी, स्वर्गीय जयरामदास गांधी, स्वर्गीय नामदेव केसवानी, स्वर्गीय सच्चानंद जसूजा, स्वर्गीय मोहन गंगवानी, स्वर्गीय जेठानंद गलानी, स्वर्गीय जयरामदास पुरूसवानी, स्वर्गीय उधाराम मंगलानी, स्वर्गीय त्रिलोकचंद रोहरा, स्वर्गीय आसनदास केसवानी, स्वर्गीय अर्जुनदास दास रोहरा आदि ने चेट्रीचंड महोत्सव को मनाने में और भव्यता प्रदान की। करीब सात दशक से चली आ रही इस परंपरा ने आज एक उत्सव का रूप ले लिया है।

किसान सम्मेलन और कार्यशाला में दिया गया सहकारिता से समृद्धि का संदेश

रीठी में आयोजित किया गया कार्यक्रम

नवभारत, रीठी। सहकारिता वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सहकारिता से समृद्धि अभियान के तहत रीठी स्थित वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित में किसान सम्मेलन और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रीठी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन भी किया गया। जन औषधि केन्द्र से ग्रामीणों को सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में सहकारिता के माध्यम से समृद्धि का संदेश दिया गया। उपस्थित अधिकारियों, मुख्य अतिथियों और किसानों बिना सहकारी नहीं उद्धार, जय हिंद, जय भारत और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कविता पंकज राय, सभापति सहकारिता उद्योग समिति, जिला पंचायत रहीं। उन्होंने किसानों और उपस्थित जनसमूह का स्वागत करते हुए सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता के सहायक आयुक्त राजयवर्धन कुरील ने की। उन्होने किसानों को सहकारिता योजनाओं के प्रति जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि पंकज राय ने किसानों को सहकारिता से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विजय मिश्रा, अंकेक्षण अधिकारी, प्रशासक पैक्स रीठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनिल जैन्, जयती बिलथरैया, अरविंद पाठक, सुशील सोनी, विनोद दुबे, देवेंद्र गर्ग, अरविंद चनपुरिया, बल्लू पटेल, ज्योति सोनी, बेबी नैना मेहरा, आयुष गुप्ता, पूजा विश्वकर्मा, नितिन जैन, दिव्यांश सोनी, सहित अधिकारी-कर्मचारी और काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में समिति प्रबंधक सुशील सोनी ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया।

विक्रमोत्सव का आयोजन आज

नवभारत, कटनी। भारतीय नव वर्ष सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत के आरंभ और गुड़ी पड़वा के अवसर पर गुरूवार 19 मार्च को सुबह 10 बजे बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में विक्रमोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी को समन्वय अधिकारी और उपायुक्त नगर निगम शैलेष गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सुबह 10 बजे कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन के साथ ही प्रमुख मंदिरों और शासकीय भवनों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किया जाएगा और बस स्टैंड ऑडिटोरियम में नाट्य प्रस्तुति की जाएगी।

निरीक्षण नगर निगम आयुक्त ने किया एसटीपी, सीवर लाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण, निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी

अतिरिक्त मशीनरी और मेन पावर लगाकर एक सप्ताह में पूरा कराएं सीवर ट्रंक लाइन का कार्य

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा माधवनगर स्थित 7.50 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के अंतिम चरणों में चल रहे कार्यों, झिंझरी शैल वन के समाने चल रहे सीवर मेन ट्रंक लाइन के विस्तार कार्य सहित बरगवां स्थित डन कॉलोनी मोड़ से कटाए घाट मोड तक पाईप लाइन विस्तार के बाद कराए जा रहे रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने माधव नगर स्थित 7.50 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचकर वहां अंतिम चरणों के चल रहे विभिन्न कार्यों सहित एसबीआर, पीटीयू, एमपीएस, सीसीटी आदि का निरीक्षण करते हुए उनके कार्य करने की प्रक्रियाओं की जानकारी ली। निगमायुक्त ने बचे कार्य की जानकारी पीडीएमसी के प्रतिनिधि से लेते हुए कार्यो को तेजी से कराकर 31 मार्च तक ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल रन शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने एसटीपी प्लांट के आसपास की जमीनों की सुरक्षा की दृष्टि से सीमांकन कराने की के निर्देश भी दिए। झिंझरी स्थित चितरंजन शैल वन के सामने मार्ग में चल रहे सीवर मेन ट्रंक लाइन विस्तार कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त ने धीमी गति होने और वायु गुणवत्ता प्रभावित होने पर नाराजगी जताई। नगर निगम आयुक्त ने नोटिस जारी करने के लिए कहा है। निगमायुक्त ने संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी को कार्य के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पालन करने के साथ ही अतिरिक्त मशीनरी और मेन पावर लगाकर एक सप्ताह में कार्य पूरा करने की हिदायत दी है।

नगर निगम आयुक्त ने डन कालोनी से कटाएघाट मोड़ तक सड़क पाइपलाइन विस्तार कार्यों के के बाद मोटरेबल सड़क बनाने के कार्य का निरीक्षण कर आवागमन की सुविधा के मद्देनजर प्राथमिकता से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में अनावश्यक देरी नहीं हो और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निगमायुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र के रोड रेस्टोरेशन का कार्य तीन दिवस में प्रारंभ कराने के साथ ही, बारिश के पूर्व सभी प्रमुख मार्गों पर मोटरेबल कार्य पूरा करने के लिए कहा है।

इस दौरान उन्होंनें स्थल पर लगातार पानी का छिड़काव करने के निर्देश निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, पीडीएमसी से सौरभ नौगजा सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों की उपस्थिति रही।